भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

22.07.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 641 का उत्तर

बिहार के लिए बजट आवंटन

641. श्री सुदामा प्रसाद:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सही है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार को 10,000 करोड़ रुपए से अधिक का रेल बजट आवंटित किया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो उक्त आवंटन से प्रस्तावित रेल परियोजनाओं का उनकी लागत, गत पाँच वर्षों के दौरान परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति और उनके पूर्ण होने की संभावित तिथि सहित जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) गत पाँच वर्षों के दौरान आवंटित निधियों में से जारी और उपयोग की गई राशि का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है और राज्य में चल रही रेल परियोजनाओं के कार्यान्वयन में, यदि कोई विलंब हुआ है, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा इन रेल अवसंरचना के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार सृजन, इन परियोजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन, व्यय में पारदर्शिता और स्वतंत्र गुणवत्ता निगरानी सुनिश्चित करने हेतु किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): रेल परियोजनाओं का सर्वेक्षण/स्वीकृति/निष्पादन क्षेत्रीय रेलवे-वार किया जाता है न कि राज्य-वार/जिला-वार, क्योंकि रेल परियोजनाएं राज्य/जिला की सीमाओं के आर-पार फैली हो सकती हैं।

रेल बजट:

हाल के वर्षों में, बजट आबंटन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली अवसंरचना परियोजनाओं के लिए बजट आबंटन निम्नानुसार है:-

अवधि	परिव्यय
2009-14	1,132 करोड़ रुपए प्रति वर्ष
2026-27	10,379 करोड़ रुपए (9 गुना से अधिक)

रेलपथ निर्माण:

बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाले नए रेलपथ को चालू करने/बिछाने का विवरण निम्नानुसार है:-

अवधि	कमीशन किए गए नए रेलपथ	नए रेलपथ की औसत कमीशनिंग
2009-14	318 कि.मी.	63.6 कि.मी./वर्ष
2014-26	2,034 कि.मी.	169.5 कि.मी/वर्ष (2.5 गुना से अधिक)

स्वीकृत परियोजना:

01.04.2026 तक की स्थिति के अनुसार, बिहार में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुल 5,067 किलोमीटर लंबाई की 96,651 करोड़ रूपए लागत वाली 59 परियोजनाएं (32 नई लाइनें, 01 आमान परिवर्तन और 26 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं। सारांश निम्नानुसार है:-

श्रेणी	स्वीकृत की गई परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (कि.मी. में)	मार्च, 2026 तक चालू की गई लंबाई (कि.मी. में)	मार्च, 2026 तक कुल व्यय (करोड़ रु. में)
नई लाइनें	32	2,616	533	14,806
आमान परिवर्तन	1	69	52	544
दोहरीकरण/बहुपथन	26	2,382	465	14,509
कुल	59	5,067	1,050	29,860

हाल ही में पूरी की गई परियोजनाएं:

बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली हाल ही में पूरी की गई कुछ परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रुपए में)
1	पटना पुल (28 किमी)	3,310
2	मुंगेर रेल सह सड़क पुल (15 किमी)	3,040
3	कोसी पुल (22 किमी)	863
4	दनियावाँ-बिहारशरीफ नई लाइन (38 किमी)	354
5	चाँदन-बांका नई लाइन (40 किमी)	496
6	रामपुरहाट-मन्दारहिल नई लाइन (130 किमी)	908
7	महाराजगंज-मशरख नई लाइन (35 किमी)	412
8	राजगीर-तिलैया और नटेसर-इस्लामपुर नई लाइन (67 किमी)	726
9	जयनगर-नरकटियागंज आमान परिवर्तन (260 किमी)	967
10	कप्तानगंज-छपरा आमान परिवर्तन (234 किमी)	819
11	सकरी-निर्मली, सहरसा-फारबिसगंज आमान परिवर्तन (206 किमी)	2,113
12	मानसी-सहरसा, सहरसा-पूर्णिया, बनमनखी-बिहारीगंज आमान परिवर्तन (169 किमी)	752
13	साहिबगंज-पीरपैंती दोहरीकरण (23 किमी)	129
14	महेशखुँट-थानाबिहपुर दोहरीकरण (32 किमी)	115
15	हाजीपुर-रामदयालु नगर दोहरीकरण (48 किमी)	367
16	पीरपैंती-भागलपुर दोहरीकरण (51 किमी)	493
17	किऊल-गया दोहरीकरण (124 किमी)	2,462
18	हाजीपुर-बछवारा दोहरीकरण (72 किमी)	930
19	अररिया-गलगलिया (ठाकुरगंज) नई लाइन (110 किमी)	2,132
20	समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण (38 किमी)	874

चालू परियोजनाएं:

बिहार राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं जो शुरू की गई हैं, निम्नानुसार हैं:

क्र. सं.	परियोजना	लागत (करोड़ रु. में)
1	सकरी-हसनपुर नई लाइन (76 किमी)	802
2	फतुहा-इस्लामपुर नई लाइन (167 किमी)	3,158
3	कोडरमा-तिलैया नई लाइन (65 किमी)	2,287
4	हाजीपुर-सगौली नई लाइन (151 किमी)	2,820
5	अररिया-सुपौल नई लाइन (96 किमी)	2,170
6	कुर्सेला-बिहारीगंज नई लाइन (58 किमी)	194
7	पीरपैंती-जसीडीह नई लाइन (97 किमी)	2,700
8	छितौनी-तमकुही रोड नई लाइन (59 किमी)	1,881
9	जलालगढ़-किशनगंज नई लाइन (51 किमी)	407
10	सीतामढ़ी-निर्मली नई लाइन (189 किमी)	2,833
11	बिहटा-औरंगाबाद नई लाइन (120 किमी)	3,606
12	गया-चात्रा और गया-नटेसर नई लाइन (135 किमी)	4,543
13	सुल्तानगंज-कटोरिया नई लाइन (77 किमी)	291
14	जयनगर-बिजलपुरा आमान परिवर्तन (69 किमी)	900
15	धनबाद-सोननगर तीसरी लाइन (291 किमी)	7,906
16	सगौली-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण (110 किमी)	1,456
17	मुजफ्फरपुर-सुगौली दोहरीकरण (101 किमी)	1,745
18	बरौनी-बछवारा तीसरी और चौथी लाइन (32 किमी)	486
19	नरकटियागंज-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर दोहरीकरण (256 किमी)	4,080
20	छपरा-बलिया पैच दोहरीकरण (65 किमी)	1,046
21	कटिहार-कुमेदपुर और कटिहार-मुकुरिया दोहरीकरण (65 किमी)	943
22	सोन नगर-अण्डाल बहुपथन (749 किमी)	12,334
23	पुनारख-बख्तियारपुर नई चौथी लाइन और शेष तीसरी लाइन (28 किमी)	422
24	आलुआबारी रोड ठाकुरगंज दोहरीकरण (20 किमी)	327

25	भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन (53 किमी)	1,156
26	भागलपुर-दुमका-रामपुरहाट दोहरीकरण (177 किमी)	3,169
27	बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया दोहरीकरण (104 किमी)	2,192
28	बख्तियारपुर-फतुहा तीसरी और चौथी लाइन (24 किमी)	931
29	पुनारख-किऊल तीसरी और चौथी लाइन (50 किमी)	2,668
30	किऊल-झाझा तीसरी लाइन (54 किमी)	962
31	मानसी-सहरसा दोहरीकरण (44 किमी)	499

रेल परियोजनाओं के क्षेत्रीय रेल-वार ब्यौरे भारतीय रेल की वेबसाइट पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराए गए हैं।

रेल परियोजनाओं के प्रभावी और त्वरित कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों में:

- निधियों के आबंटन में पर्याप्त वृद्धि।
- फील्ड स्तर पर शक्तियों का प्रत्यायोजन।
- विभिन्न स्तरों पर परियोजना की प्रगति की गहन निगरानी।
- शीघ्र भूमि अधिग्रहण, वानिकी और वन्यजीव स्वीकृति के लिए राज्य सरकारों और संबंधित प्राधिकरणों के साथ नियमित अनुवर्ती कार्रवाई और परियोजनाओं से संबंधित अन्य मुद्दों को हल करना शामिल हैं।

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वानिकी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण
- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए एक वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

******